लोकसभा अध्यक्ष ने श्री कल्याण सिंह के निधन पर शोक व्यक्त किया।

कोटा, 21 अगस्त 2021: लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और वरिष्ठ राजनेता श्री कल्याण सिंह के निधन पर शोक व्यक्त किया है। अपने संदेश में श्री बिरला ने कहा:

"कल्याण सिंह जी के निधन से आज हमने एक ऐसा विराट व्यक्तित्व खो दिया जिसने अपने राजनीतिक कौशल, प्रशासकीय अनुभव और विकासोन्मुखी दृष्टिकोण से राष्ट्रीय स्तर पर एक अमिट छाप छोड़ी। वे वंचित वर्ग के उत्थान और सभी वर्गों के कल्याण को समर्पित रहे।

अपनी सहजता व सरलता के कारण वे जनता में लोकप्रिय थे। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में उन्होंने प्रदेश के विकास को नई गति दी। राजस्थान व हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल के तौर पर उनके सुदीर्घ अनुभव का लाभ दोनों राज्यों को भी मिला। उनका निधन राजनीति के एक युग का अंत है।

ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें।"